हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
गुरुवार
18 दिसंबर 2025, बरेली

**PAGE NO 4 : MIDDLE**

# कूच बिहार ट्रॉफी: कोहरे के कारण दूसरे दिन नहीं हुआ मैच



एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 मैच दूसरे दिन कोहरे की भेंट चढ़ गया। दोनों टीमों के खिलाड़ी फुटबॉल खेलकर अपनी प्रैक्टिस करते रहे, लेकिन शाम तक कोहना कम नहीं हुआ। शाम करीब चार बजे अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन से परामर्श के बाद मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच न होने की घोषणा की। मैच अब गुरुवार को विजुवल्टी सही होने पर खेला जाएगा। बता दें कि मैच के पहले दिन भी कोहरे के कारण मैच प्रभावित हुआ था। दोपहर बाद 2:40 बजे मैच आरंभ हुआ और सिर्फ 17 ओवर फेंके जा सके थे।